776. निम्नलिखित युग्मों को दिए गए कूट की सहायता से सुमेलित कीजिएः

प्रमुख नदी	सहायक नदी
A. चंबल	i. बांडी
B. लूनी	ii. मानसी
C. माही	iii. वापणी
D. बनास	iv. अनास

कूटः

	A	B	C	D
(1)	iii	i	ii	iv
(2)	iv	iii	ii	i
(3)	i	iv	ii	iii
(4)	iii	i	iv	ii

RPSC-2018

Ans. (d) : सही सुमेलित है।

	प्रमुख नदी	सहायक नदी
1.	चंबल	वापणी (बामनी)
2.	लूनी	बांडी
3.	माही	अनास
4.	बनास	मानसी

777. निम्नलिखित में से कौन सी झील मीठे पानी की झील नहीं है?

(a) कोलायत झील
(b) छापरताल झील
(c) पचपदरा झील
(d) जवाई झील

RPSC RAS/RTS-1993
RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (c) : पचपदरा झील राजस्थान की एक खारे पानी की झील है। यह राजस्थान के बाड़मेर जिले के बालतोरा तहसील के पचपदरा गाँव में स्थित है। इस झील से नमक का उत्पादन होता है। यहाँ पर उत्पादित नमक में सोडियम क्लोराइड की मात्रा 98% तक पाई जाती है। खारवाल जाति के लोगों द्वारा यहाँ पर नमक का उत्पादन किया जाता है। यह झील 25 वर्ग किमी में फैली हुई है। यह झील एक आकर्षक पर्यटक स्थल भी है।

778. पचपदरा, राजस्थान के किस जिले में स्थित खारे पानी की झील है?

(a) भीलवाड़ा (b) बाड़मेर
(c) चुरु (d) भरतपुर

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

779. निम्नांकित में से कौन-सी प्रमुख खारे पानी की झील लूनी बेसिन में स्थित है?

(a) नक्की झील (b) सिलीसेड़ झील
(c) तालवाड़ा झील (d) पचपदरा झील

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) पचपदरा झील राजस्थान की एक खारे पानी की झील है जो बालतोरा तहसील (बाड़मेर) में स्थित है। लूनी बेसिन के अंतर्गत बाड़मेर, जालौर, जोधपुर, नागौर के क्षेत्र आते है। लूनी बेसिन को गोड़वाड़ क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है।

780. राजस्थान की किस झील से श्यामपुरा और भाट नहरें निकलती हैं?

(a) राजसमन्द (b) उदयसागर
(c) जयसमन्द (d) सिलिसेढ़

RPSC-2022

Ans. (c) : जयसमंद झील एक कृत्रिम झील है, जिसका निर्माण राजा जय सिंह ने 1685 ई. में गोमती नदी पर करवाया। इस झील से श्यामपुर और भाट नामक दो नहरें निकाली गयी है। इस झील के मध्य सात टापू हैं, जिसमें 'बाबा का भागड़ा' सबसे बड़ा और 'प्यारी' सबसे छोटा है। इस झील को ढेबर झील के नाम से भी जाना जाता है। यह राजस्थान की सबसे बड़ी मानव निर्मित मीठे पानी की झील है।

781. निम्नलिखित में से कौन सी राजस्थान में मीठे पानी की मानव निर्मित सबसे बड़ी झील है?

(a) आनासागर (b) जयसमंद
(c) राजसमंद (d) पिछौला

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

782.सांभर झील में निम्न में से किस देवी का मंदिर स्थित है?

(a) शीला देवी (b) बवन देवी
(c) शाकम्भरी देवी (d) कुंजल माता

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – सांभर झील में शाकम्भरी देवी का मंदिर स्थित है। शीला देवी का मंदिर आमेर किले में स्थित है। बवन देवी का मंदिर जोधपुर में तथा कुंजल माता का मंदिर नागौर में स्थित है।

783. रूपनगढ़, मेंढा, खारी और खण्डेला मौसमी नदियाँ किस झील में अपना जल उड़ेलती है-

(a) फलौदी झील (b) पचपदरा झील
(c) सांभर झील (d) डीडवाना झील

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022
JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (c)सांभर झील राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इस झील में गिरने वाली प्रमुख नदियां मेंथा, रूपनगढ़, खारी, मेढ़ा, समोद एवं खंडेला है। यह झील लगभग 32 किमी. लम्बी एवं 3-12 किमी., चौड़ी है। वर्षा ऋतु में इसका विस्तार बढ़ जाता है। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी एवं राज्य की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है। इस झील में सर्वाधिक लवण की मात्रा मेंथा नदी द्वारा लाकर जमा की जाती है। सांभर झील को वर्ष 1990 में रामसर कन्वेंशन के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय महत्व' की आर्द्रभूमि घोषित किया गया था।

784. सांभर झील में नहीं गिरने वाली नदी है

(a) मेंढ़ा (b) कांतली
(c) खण्डेल (d) रूपनगढ़

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।